प्रेस के लिए सूचना नोट (प्रेस विज्ञप्ति संख्या 114/2023)

तत्काल प्रकाशन हेतु

<u>भारतीय दूरसंचार विनियामक प्रधिकरण</u>

भादूविप्रा के पूर्व-परामर्श पत्र "राष्ट्रीय प्रसारण नीति" बनाने के लिए इनपुट प्रदान करने पर टिप्पणियां प्राप्त करने की अंतिम तिथि का विस्तार ।

नई दिल्ली, 30 अक्टूबर 2023 : भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) ने 21 सितंबर 2023 को "राष्ट्रीय प्रसारण नीति" बनाने के लिए इनपुट पर एक पूर्व-परामर्श पत्र जारी किया था। पूर्व-परामर्श पत्र में उल्लिखित मुद्दों पर हितधारकों से टिप्पणियां प्राप्त करने की अंतिम तिथि 10 अक्टूबर 2023 निर्धारित की गई थी।

2. टिप्पणियां प्रस्तुत करने की समय सीमा को बढ़ाए जाने के लिए हितधारकों से प्राप्त अनुरोधों के आधार पर लिखित टिप्पणियां प्राप्त करने की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर 2023 तक बढ़ाई गई थी।

3. अब, उपर्युक्त पूर्व-परामर्श पत्र पर टिप्पणियां प्रस्तुत करने की समयसीमा को बढ़ाए जाने के लिए हितधारकों से प्राप्त अनुरोधों के आधार पर, टिप्पणियां प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि को 7 नवंबर, 2023 तक बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। इसके बाद, टिप्पणियां प्रस्तुत करने की समयसीमा को बढ़ाए जाने के किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

4. टिप्पणियां अधिमानत: इलेक्ट्रॉनिक रूप में ईमेल आईडी advbcs-2@trai.gov.in और jtadvbcs-1@trai.gov.in पर भेजी जा सकती हैं ।

5. किसी भी स्पष्टीकरण/सूचना के लिए श्री अनिल कुमार भारद्वाज, महानिदेशक ट्राई सीएसआर एवं सलाहकार (बीएंडसीएस) से टेलीफोन नंबर +91-11-23237922 पर संपर्क किया जा सकता है ।

(वी. रघुनंदन)
सचिव, भादूविप्रा